**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

Hindustan Times
NEW DELHI
SUNDAY
EPTEMBER 18, 2022
-DATED-

# Dwarka may get 30k-seat, 51 acre stadium in 3 years

**Paras Singh**
paras@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Delhi lieutenant governor Vinai Kumar Saxena on Saturday laid the foundation stone for an international sports facility in Dwarka's Sector 19B.

The integrated multi-sports arena is a public private partnership project, helmed by the Delhi Development Authority (DDA), which will include a cricket-cum-football stadium and will be spread over an area of 51 acres, costing an estimated ₹350 crore.

DDA in an official statement said the project is being taken up by real estate developer Omaxe with a concession period of 30 years. The construction for the facility is likely to be completed in three years and is likely to be thrown open by January 2026.

Saxena said the foundation stone of this facility was being laid on the occasion of Prime Minister Narendra Modi's birthday.

Saxena said the facilities will also be available to the local community on a "pay and play basis

## Game on

**The multi sports arena will promote sporting events in the Capital**


**51 acres** area over which arena is spread

**₹350 cr** estimated cost

**3 years** for completion

**Other sports facilities:** swimming, tennis, badminton, squash, table tennis

**Commercial facilities:** Retail outlets, hotel, hospitality, commercial office space




"Besides the international cricket and football stadium, with a seating capacity of 30,000, there will be an indoor multi-sports facility with a capacity of 2,000, a sports club with minimum 3,000 members, other facilities for sports such as swimming, tennis, badminton, squash and table tennis. The facilities will also be available to the local community on a pay and play basis," he said.

DDA officials said the arena will promote sporting events in the Capital while also changing the face of Dwarka sub-city.

"This is the first such project by DDA in a public-private partnership mode," an official said.

Commercial facilities in the Dwarka facility will include retail outlets, a hotel, hospitality, commercial office space and supporting facilities for sports, to be provided on a 99-year lease, officials aware of the matter said.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 18 सितंबर 2022

# LG ने किया इंटरनैशनल स्टेडियम का शिलान्यास

**विस, नई दिल्ली :** द्वारका में बनने वाले इंटरनैशनल क्रिकेट कम फुटबॉल स्टेडियम का एलजी वी. के. सक्सेना ने शनिवार को शिलान्यास किया। इस प्रोजक्ट को द्वारका सब सिटी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीडीए के अनुसार इस प्रोजक्ट से सब सिटी में स्पोर्ट्स इवेंट के आयोजन होंगे। डीडीए पहली बार पीपीपी मोड पर कोई प्रोजक्ट शुरू कर रही है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 51 एकड़ में फैला होगा। प्रोजक्ट की कुल लागत 350 करोड़ होगी और स्पोर्ट्स फेसिलिटी का एरिया 6.4 लाख वर्ग होगा। इसके अलावा इस प्रोजक्ट में 3.45 लाख वर्ग मीटर की कमर्शल एक्टिविटी भी होगी। पीएम नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस के मौके पर सेवा दिवस के तहत यह आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद परवेश साहेब सिंह भी मौजूद रहे।

**द्वारका में बनेगा क्रिकेट कम फुटबॉल स्टेडियम**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 17 सितंबर 2022

# आज पीएम का जन्मदिन, सेवा दिवस मनाएंगे LG

**विस, नई दिल्ली:** उपराज्यपाल वीके सक्सेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे और इस दौरान आम लोगों के लिए कई नए कार्यक्रमों की शुरुआत करेंगे। उपराज्यपाल के दफ्तर की तरफ से बताया कि एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और दिल्ली पुलिस की ओर से आयोजित कार्यक्रमों से छात्रों, सफाई कर्मचारियों और खिलाड़ियों को लाभ होगा। जानकारी के मुताबिक, आज सेवा दिवस के तौर पर स्वच्छता कर्मियों के लिए एमसीडी अस्पतालों में खास डेस्क सुनिश्चित किया जाएगा। एलजी हिंदूराव अस्पताल में सैनिकों के लिए काउंटर की शुरुआत करेंगे और टीबी मरीजों को पोषण किट भी बांटेंगे। वह एनडीएमसी के 21 स्कूलों में नए सिरे से बनाई गई 41 साइंस लैब की भी शुरुआत करेंगे।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली, 18 सितंबर, 2022 दैनिक जागरण
----------DATE

# द्वारका में होगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम

## एलजी ने सेक्टर-19बी में किया नए अत्याधुनिक एकीकृत खेल परिसर का शिलान्यास

जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मतिथि के अवसर पर द्वारका को एक बड़ी सौगात मिली है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सेक्टर-19बी में इंटीग्रेटेड मल्टी स्पोर्ट्स एरेना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। इसका निर्माण डीडीए ओमेक्स के साथ मिलकर सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत कर रहा है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट व फुटबाल मैच कराए जा सकेंगे। इस प्रोजेक्ट को द्वारका सब सिटी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीडीए के अनुसार इस प्रोजेक्ट से सब सिटी में स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित हो सकेंगे।

एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से सात-आठ वर्षों के दौरान हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सोच की वजह से देश में इस दौरान खेल जगत में



द्वारका सेक्टर-19बी स्थित एकीकृत खेल परिसर का शिलान्यास करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना। साथ में हैं सांसद प्रवेश वर्मा और डीडीए के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ● जागरण

जो क्रांति आई है ऐसा 75 वर्षों में कभी नहीं हुआ। द्वारका का एकीकृत खेल परिसर प्रधानमंत्री के सोच से मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा कि डीडीए पहली बार सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत द्वारका में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एकीकृत खेल परिसर का निर्माण कराने जा रहा है। इस मौके पर मुख्य सचिव नरेश कुमार, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता मौजूद रहे।

**द्वारका में स्मार्ट सिटी बनने की संभावनाएं : प्रवेश वर्मा :** पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि द्वारका में स्मार्ट सिटी बनने की सभी संभावनाएं हैं। जब भी स्मार्ट सिटी के लिए प्रस्ताव आएगा वे द्वारका का नाम आगे करेंगे। उन्होंने कहा कि द्वारका में प्रवेश के लिए दो ही मार्ग हैं, इसलिए सेक्टर 23 द्वारका मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट तक नया मार्ग तैयार कराने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिल चुके हैं।

### परियोजना की खास बातें

- 51 एकड़ में इंटीग्रेटेड मल्टी स्पोर्ट्स एरेना का हो रहा निर्माण
- 350 करोड़ रुपये की लागत निर्माण पर आने की है उम्मीद
- 6.4 लाख स्क्वायर फीट में खेल की सुविधा उपलब्ध होगी
- 3.45 लाख स्क्वायर फीट में व्यावसायिक गतिविधियां होंगी
- अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कम फुटबाल स्टेडियम का होगा निर्माण
- 30 हजार लोग स्टेडियम में एक साथ मैच देख सकेंगे
- 2000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 19 सितंबर 2022

# 4 तालाबों की बदलेगी सूरत, होंगे खूबसूरत

■ एनबीटी न्यूज असोला गांव : साउथ दिल्ली के असोला गांव स्थित तालाब वर्षों से गंदा पड़ा है। तालाब के चारों तरफ कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जिसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों की कड़ी मेहनत के बाद अब इसका सौंदर्यीकरण होने जा रहा है।

स्थानीय निवासी ऋषिपाल महाशय ने बताया कि असोला गांव का यह तालाब करीब 30 वर्षों से गंदा पड़ा है। तालाब को ठीक करवाने के लिए उन्होंने कई संबंधित अधिकारियों को कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार प्रयास करने के बाद अब डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों और साउथ दिल्ली के सांसद ने तालाब का दौरा किया और इसके जल्द सौंदर्यीकरण करने का अश्वासन दिया। ऋषिपाल ने बताया कि असोला गांव के अलावा 3 अन्य तालाब का भी सौंदर्यीकरण होने जा रहा है। इनमें मैदानगढ़ी, राजपुर खुर्द और मांडी गांव के तालाब भी शामिल हैं। इन तालाबों के ठीक होने से स्थानीय लोगों को जहां गंदगी और बदबू से राहत मिलेगी। वहीं, असोला गांव की पहचान भी बदलेगी।

**असोला के साथ मैदानगढ़ी, राजपुर खुर्द और मांडी के तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण**

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
सोमवार
19 सितंबर 2022

# जैवविविधता पार्कों में सर्वे की तैयारी

नई दिल्ली प्रमुख संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित राजधानी के सातों जैव विविधता पार्कों में सोमवार से ड्रैगनफ्लाई और डेम्सफ्लाई के सर्वे की शुरुआत होगी। पांच दिनों तक सातों पार्कों में इनकी प्रजातियों की संख्या की गणना होगी।

**पारिस्थितिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण :** ड्रैगनफ्लाई और डेम्सफ्लाई मच्छरों के लार्वे को खाते हैं। इसलिए इन्हें पारिस्थितिक संतुलन के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण माना जाता है। जैव विविधता पार्क के वैज्ञानिक प्रमुख डॉ. फैयाज खुदसर ने बताया कि अलग-अलग टीमों द्वारा इनका सर्वेक्षण किया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

अमर उजाला
NEWSPAPERS
नई दिल्ली | शनिवार, 17 सितंबर 2022 | 4

# पीएम के जन्मदिन पर मिलेगी कई योजनाओं की सौगात

## कई सार्वजनिक सेवाओं की शुरुआत करेंगे एलजी

अमर उजाला ब्यूरो



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना दिल्ली वासियों को कई जन कल्याणकारी योजनाओं की सौगात देंगे। एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और दिल्ली पुलिस से जुड़ी इन विकास परियोजनाओं के शुभारंभ से भविष्य में छात्रों, सफाई कर्मियों, खिलाड़ियों और दिल्ली के बाकी नागरिकों को लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना एमसीडी के हिंदू राव अस्पताल में स्वच्छता सैनिकों के लिए एक समर्पित काउंटर का उद्घाटन करेंगे। इसके जरिए स्वच्छता कर्मियों को मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। यह पहल दिल्ली नगर निगम के सभी 10 प्रमुख अस्पतालों को कवर करेगी और इससे करीब 50,000 सफाई कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। एलजी इस अवसर पर हिंदू राव अस्पताल में टीबी रोगियों को पोषण किट भी वितरित करेंगे।

गोल मार्केट में स्थित एनडीएमसी के अटल आदर्श बंगाली बालिका विद्यालय से उपराज्यपाल 21 एनडीएमसी स्कूलों में पुनर्निर्मित 41 विज्ञान प्रयोगशालाओं का उद्घाटन करेंगे। इन प्रयोगशालाओं का 8.83 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इससे हर साल करीब 6750 छात्रों के लाभान्वित होने की उम्मीद है।

इसके बाद उपराज्यपाल इंदिरा कल्याण विहार ओखला फेज-1 में स्थित एमसीडी प्राइमरी स्कूल के नवनिर्मित चार मंजिला भवन का उद्घाटन करेंगे, जिसमें 25 क्लासरूम, 2 कंप्यूटर रूम, 2 साइंस रूम, 1 मल्टीपर्पज हॉल और 4 टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण किया गया है। इसे बनाने में करीब 4.65 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस स्कूल से 1200 छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा प्राप्त होगी।

द्वारका सेक्टर-19 बी में उपराज्यपाल एकीकृत बहु-खेल परिसर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट व फुटबॉल स्टेडियम बनाया जाएगा।

millenniumpost
NEW DELHI | SATURDAY, 17 SEPTEMBER, 2022

# MCD conducts special drive to curb mosquito breeding in city

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** Intensifying its ongoing drive for prevention and control of vector-borne diseases, the MCD has carried out a massive drive to detect mosquito breeding in the premises of government offices, construction sites, educational institutes, Metro parkings, Metro stations of all the zones.

During the drive, mosquito breeding was found on their premises and the department issued 42 challans and 18 notices. Action against these offices and organisations was taken under DMC (MAlaria & VBD)/Bye-Laws 1975. A Fine of Rs 1,66,600 was also imposed on the defaulters.

Legal measures were taken against defaulters for mosquitogenic condition or breeding was found in Delhi Jal Board Plant Office Keshopur & Nangloi, DDA Horticulture Janakpuri, Kukreja Hospital Rajouri Garden, NITRD TB Hospital Dwarka, Akash Institute IIT-JEE & Medical Dwarka, Police Station Paschim Vihar West & Seelampur, DJB Yamuna Vihar, Govt Sr. Sec. School, Brahampuri, PWD Office Gokulpuri, Delhi Police Academy Sonia Vihar, BSES Kamla Mkt, Metro Station Peeragarhi, PWD Outer ring road Peeragarhi.

This year, the department had issued 82,490 legal notices, 28,846 challans so far against the defaulters. The department concerned had levied administrative charges amounting to Rs 25 lakh from 11,213 defaulters who did not take anti mosquito measures in their land & building premises in spite of notices issued to them.

# L-G plans to celebrate 'Sewa Diwas'

**NEW DELHI:** Delhi L-G V.K. Saxena plans to celebrate 'Sewa Diwas', Prime Minister Narendra Modi's birthday by launching/inaugurating several initiatives and programs aimed at welfare and service of the ordinary people of Delhi.

Organised by the MCD, DDA and Delhi Police, these programs are meant to benefit students, sanitation workers, sportspersons as well as every resident of the national Capital.

The programs scheduled for 'Sewa Diwas', September 17, 2022 include the inauguration of a dedicated counter for 'Swachhta Sainiks' at Hindu Rao Hospital for facilitating free of cost and easy access to Healthcare services to Sanitation Workers. This initiative will cover all 10 major hospitals of the MCD and is expected to serve about 50,000 Safai Karamcharis. MPOST

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

sunday pioneer
NAME OF NEWSPAPERS---HI | SUNDAY | SEPTEMBER 18, 2022 ---------

# L-G inaugurates 41 renovated science labs in 21 MCD schools



STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Saturday inaugurated and laid the foundation of several initiatives, including 41 Science Labs of 21 Schools renovated by the New Delhi Municipal Council (NDMC) to foster Scientific Temper among students and the foundation stone of the World class sports infrastructure of the International Cricket cum Football Stadium with a seating capacity of 30000 people in the national Capital.

While inaugurating the science labs of NDMC Schools, Saxena congratulated 6700 students of 21 NDMC schools who will be benefitted from the 41 Science labs and underlined that this is an era of science and without science and scientific temper, no step forward for socio-economic and human advancement could be envisaged. The science labs' are equipped with advanced infrastructure and resources, aim at fostering a scientific temper among the students at an early age.On the occasion, the LG also felicitated all meritorious students with certificates and a prize of ten thousand rupees each to those who scored the best result in their board examinations.

The LG has also laid the foundation stone of the World class sports infrastructure of the International Cricket cum Football Stadium with a seating capacity of 30000 people in the national capital.The Project is spread over 51 acres and is the first project of the Delhi Development Authority (DDA) in Public Private Partnership mode. The area of the sports facility is 6.4 Lakh sq.ft, the total estimated project cost is Rs.350 crore. The stadium will also have 3.45 Lakh sq.ft. of commercial facilities. Speaking on the occasion, Saxena said that once the facility will be completed it will provide world class sports infrastructure, with the International Cricket cum Football Stadium having a seating capacity of 30000. "In addition, there will be indoor multi-sports facilities with a seating capacity of 2000, sports club with minimum 3000 membership, other facilities for sports such as swimming, tennis, badminton, squash, table tennis.

## Delhi's first Museum of Water Education launched on PM's b'day



**New Delhi:** A first of its kind, Museum of Water Education was inaugurated in national Capital to mark the birthday of the Prime Minister Narendra Modi on Saturday.

The museum, curated by Sulabh International, was inaugurated by the Governor of Sikkim Ganga Prasad in presence of senior officials and other eminent personalities, including Sulabh founder Padma Vibhushan Dr Bindeshwar Pathak. This museum aims to highlight various aspect of Water Education , research and create awareness among people about its uses. "This initiative has been taken to create awareness among the people regarding diminishing water resources and the need for conservation," said Pathak on the occasion.

The purpose of the museum is to explain the visitors' importance of conserving water resources and also provide a possible solution, traditional and modern water management practices, he added. SR

## BJP holds blood donation camp to mark PM's birthday

**New Delhi:** Delhi BJP Yuva Morcha on Saturday oragnised blood donation camp at several locations in the national capital, to mark the occasion of the birth anniversary of Prime Minister Narendra Modi.

Many senior dignitaries including BJP National President J P Nadda, national general secretary Arun Singh, state president Adesh Gupta and union minister of state Meenakshi Lekhi were present at the camp organized at the party national office. Addressing the blood donation camp organized at the National Office, Nadda said that lakhs of our workers in different areas of the country are visiting hospitals, meeting patients, visiting orphanages, and distributing fruits among all of them. Urging all to see the exhibition depicting the works of the PM, Nadda said that the work done by Modi is only the result of dedicated service. BJP is not only a political organization but the one which serves humanity. This service fortnight will be celebrated till Gandhi Jayanti and birth anniversary of Lal Bahadur Shastri.

Addressing the programme organized by the state BJP Scheduled Caste Morcha at Ajmal Khan Park, Nadda said that BJP workers will have to do the work of bridge between the public and the government and wherever public welfare schemes have been implemented, the shortcomings will have to be removed. Campaigns are underway already, he added.

Meanwhile, Delhi BJP President Adesh Gupta said that the birthday of PM is being celebrated as a Seva Pakhwada, which started from Saturday and will continue till October 2. SR

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAP[ER] पंजाब केसरी DELHI ▶ 18 सितम्बर, 2022 ▶ रविवार [DAT]ED


पीएम के जन्मदिन पर एलजी ने द्वारका में रखी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एवं फुटबॉल स्टेडियम की नींव

# पीएम की पहल से खिलाड़ियों का प्रदर्शन सुधरा: एलजी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा दिवस' के अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को द्वारका सेक्टर-19 बी में इंटीग्रेटेड मल्टी स्पोर्ट्स एरिना में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एवं फुटबॉल स्टेडियम की आधारशिला रखी। इस दौरान सांसद प्रवेश वर्मा और डीडीए उपाध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एलजी ने कहा कि यह प्रस्तावित खेल परियोजना प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह अपने आप में खास है कि इस महत्वाकांक्षी मल्टी स्पोर्ट्स एरिना फैसेलिटी की आधारशिला प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर रखी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम की पहल और खेल के प्रति उनके व्यापक दृष्टिकोण की बदौलत ही पिछले 7-8 वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। एलजी ने कहा कि इसका एक कारण यह है कि हमारे प्रधानमंत्री ने खेलों पर विशेष जोर दिया है और देशवासियों से खेल आयोजनों में भाग लेने का आग्रह किया है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हमारे पदकों की संख्या में वृद्धि हुई है।



स्पोर्ट्स सुविधाओं की आधारशिला रखते एलजी व साथ में सांसद प्रवेश वर्मा और डीडीए वीसी।

### 30 हजार लोगों की बैठने की होगी क्षमता

एलजी ने कहा कि इस स्पोर्टस फैसेलिटी में वर्ल्ड क्लास स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सह फुटबॉल स्टेडियम में 30000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। 2000 की बैठने की क्षमता के साथ इनडोर मल्टी-स्पोर्ट्स सुविधाएं, न्यूनतम 3000 सदस्यता वाले स्पोर्ट्स क्लब, तैराकी, टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वैश, टेबल टेनिस जैसे खेलों के लिए भी यहां सुविधाएं होंगी। ये सुविधाएं स्थानीय लोगों के लिए पे एंड प्ले के आधार पर भी उपलब्ध होंगी। सक्सेना ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से द्वारका का चेहरा बदल जाएगा और राजधानी में खेल आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

### 350 करोड़ से पूरा होगा प्रोजेक्ट

यह प्रोजेक्ट 51 एकड़ में फैली हुआ है और 30 साल की रियायत अवधि के साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के माध्यम से ओमेक्स द्वारा डिजाइन, वित, संचालन और हस्तांतरण मॉडल पर विकसित की जा रही है। इस का क्षेत्रफल 6.4 लाख वर्ग फुट है और 3 वर्ष में इसे पूरा करने की समय सीमा के साथ इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 350 करोड़ रुपये है।

### डीडीए के पास वर्तमान में 15 खेल परिसर व 17 स्विमिंग पूल

वर्तमान में डीडीए के पास 15 खेल परिसर, 3 लघु खेल परिसर, 2 पब्लिक गोल्फ कोर्स, 17 स्विमिंग पूल और 40 मल्टी जिम हैं। डीडीए सेक्टर ऑफ एक्सलेंस और द्वारका के विभिन्न सेक्टरों में रेसलिंग, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, टेनिस, शूटिंग, फुटबॉल और हॉकी जैसे कई खेलों के सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस का विकास कर रहा है और सेक्टर-33 रोहिणी में एक्वेटिक्स के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का विकास भी कर रहा है। सैक्टर 24 द्वारका में भी एक पब्लिक गोल्फ कोर्स विकसित किया जा रहा है।

---

**दो रामलीला कमेटी को अनुमति नहीं देने का मामला**

# हाईकोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली धार्मिक महासंघ की तरफ से नाम देने के बावजूद दो रामलीला कमेटी को रामलीला करने की अनुमति नहीं देने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से जवाब मांगा है। जस्टिस सचिन दत्ता ने डीडीए के वकील से कहा कि वे संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर बताए कि सूची में नाम होने के बावजूद उन दोनों कमेटियों को रामलीला करने की अनुमति क्यों नहीं दी? मामले में अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

महासंघ की सूची में नाम होने और उपराज्यपाल की तरफ से अनुमति मिलने के बावजूद रामलीला करने की अनुमति नहीं देने पर दो संस्था त्रिनगर की श्री केशव धार्मिक रामलीला कमेटी और मानसरोवर पार्क के आस्था रामलीला कमेटी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनकी तरफ से वकील गगन गांधी ने बेंच से कहा कि पहले वाली कमेटी लगभग 25-30 सालों से नेपाली वाले बाग और दूसरी कमेटी लगभग 5 सालों से मानसरोवर गार्डन के डॉ. हेडगवार पार्क में रामलीला करती आ रही है और उन्हें अनुमति मिलती रही है। इस बार भी उन्होंने रामलीला करने की अनुमति मांगी और महासंघ ने उसे अपनी सूची में डाला। उपराज्यपाल ने सूची की सभी कमेटियों को रामलीला करने की अनुमति देने को लेकर जगह आवंटित कर देने का निर्देश दिया। बावजूद डीडीए ने दोनों कमेटियों एवं एक अन्य को छोड़ सभी 57 कमेटियों को स्थान आवंटित कर दिया है।

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक भास्कर

NAME OF NEWSPAPERS-------------------------DATED-----------------------

नई दिल्ली, रविवार 18 सितंबर, 2022

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर कार्यक्रमों का बनेगा शतक, 15 दिन तक चलेंगे आयोजन

# एलजी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम का शिलान्यास, रेल मंत्री वैष्णव ने रक्तदान किया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली में प्रदेश भाजपा 100 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी 15 दिन यानी 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी। रेलवे, डीडीए, एनडीएमसी और एमसीडी भी मोदी के जन्मदिन पर पब्लिक सुविधा, सेवा सप्ताह के रूप में मनाया। सेवा सप्ताह के अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे कार्यालय और रेलवे में स्वच्छता के लिए रेलवे बोर्ड में अधिकारियों को हर सप्ताह दो घंटे स्वच्छता को देने और स्वच्छता के प्रति शपथ दिलवाने के बाद हजरत निजामुद्दीन स्टेशन गए वहां पर स्टेशन की सफाई की और रेलवे के सेंट्रल हास्पिटल में आकर रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए रक्तदान किया। शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार, एनडीएमसी के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भल्ला, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय सहित अन्य अधिकारियों के साथ मौजूद रहे।

**रेल मंत्री ने निजामुद्दीन में स्वच्छता का संदेश दिया**



## प्रदेश भाजपा 100 से अधिक कार्यक्रम करेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को बीजेपी कार्यकर्ता यादगार बनाने की तैयारी में हैं. इस अवसर पर पार्टी राजधानी दिल्ली में लगभग 100 अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। दिल्ली की 70 विधानसभाओं में रक्तदान शिविर, फल वितरण, प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान आदि कार्यक्रम चल रहा है। नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रविवार को नेशनल स्टेडियम में स्लम कंट्री दौड़ होगी, जिसमें करीब 10 हजार से ज्यादा स्लम्स में रहने वाले युवा भाग लेंगे। यह दौड़ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू होकर इंडिया गेट होते हुए कर्तव्य पथ स्थित हाल ही लगी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति तक पहुंचेगी। इस कंट्री दौड़ के माध्यम से ये युवा नरेंद्र मोदी के विचारों से न सिर्फ सीधे जुड़ सकेंगे, बल्कि सेल्फी प्वाइंट पर उनके साथ सेल्फी भी ले सकेंगे।

## उपराज्यपाल ने 21 एनडीएमसी स्कूलों में प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया

एनडीएमसी के 21 एनडीएमसी स्कूलों में 41 विज्ञान प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया। सक्सेना ने कहा कि इस लैब के निर्माण का मकसद उन्नत बुनियादी ढांचे और संसाधनों से लैस इन विज्ञान प्रयोगशालाओं का उद्देश्य कम उम्र में ही छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मानव उन्नति की परिकल्पना भी विज्ञान के बिना नहीं की जा सकती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये प्रयोगशालाएं न केवल एनडीएमसी क्षेत्र में बल्कि पूरी दिल्ली में प्रयोग और नवाचार की एक मिसाल बन जाएंगी और शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी। वहीं उपराज्यपाल ने पीएम मोदी के जन्म दिन पर द्वारका में 30,000 लोगों के बैठने के क्षमता वाला 350 करोड़ के लागत से अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम के निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पीएम के लंबी आयु के लिए पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने संगठन मंत्री सिद्धार्थन जंगपुरा के पूर्व विधायक तलविंदर सिंह मारवाह के साथ गुरुद्वारा बाला साहिब में कीर्तन पाठ में भाग लिया। शाहदरा जिला ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्त दान किया।

